बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गण्यमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली; 6 दिसम्बर, 2022: भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज बाबासाहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़; भारत के प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने भी बाबासाहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने भी डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी।

लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी. मोदी ने भी इस अवसर पर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर एक ट्वीट सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि, "संविधान शिल्पी, महान विधिवेत्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर सादर नमन। संविधान के रूप में उन्होंने वह अमूल्य धरोहर देश को दी जिसने समाज में समता, न्याय, स्वतंत्रता व बंधुत्व को सुनिश्चित कर देश में लोकतंत्र सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया।"